# समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन (नमामि गंगे) के तहत दिनांक 12.11.2025 को विद्युत विभाग, जल संस्थान, जज निगम (शहरी) विभाग, जल निगम (ग्रामीण) एवं जल जीवन मिशन टीम के साथ बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही –

1. श्री पंकज तिवारी, जिला सूचना अधिकरी, जालौन।
2. श्री अंचल कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
3. श्री महेन्द्र नाथ भारती, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय, जालौन।
4. श्री जीतेन्द्र नाथ, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, जालौन।
5. श्री हिमांशू नेगी, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (शहरी), जालौन।
6. श्री सोम प्रकाश, अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान, जालौन।
7. श्री राम अचल कुरील, ई0ओ0 उरई, जालौन
8. श्री शिवपूजन सिंह, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
9. श्री गगन दीक्षित, सहायक अभियन्ता, (वि0 / यॉ0), एस0डब्ल्यू0एस0एम0।
10. श्री अखिलेश कुमार, सहायक अभियन्ता, (सिविल), एस0डब्ल्यू0एस0एम0।
11. श्री गौरव द्विवेदी, सहायक अभियन्ता, (सिविल), एस0डब्ल्यू0एस0एम0।
12. श्री धर्मेन्द्र कुमार, अवर अभियन्ता, जल निगम।
13. श्री अजय कुमार, अवर अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)।
14. श्री दिनेश कुमार पटेल, अवर अभियन्ता, सी0एन0डी0एस0, जालौन।
15. श्री कृष्णा राजपूत, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, बी0एल0जी0, जालौन।
16. श्री के0वी0 सत्यनारायण, सुपरविजन इंजीनियर, आरवी इंजीनियरिंग कन्सलटेन्ट लि0, जालौन।
17. श्री श्याम नारायण दुबे, सोशल एक्सपर्ट, आरवी इंजीनियरिंग कन्सलटेन्ट लि0, जालौन।
18. श्री आर0के0 सैनी, जी0एम0, मै0 बी0जी0सी0सी0।
19. श्री प्रमोद बड़क, एस0पी0एम0, मै0 बी0जी0सी0सी0।
20. श्री नागेश, डी0जी0एम0, जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0।
21. श्री बी0 श्रीनिवास रेड्डी, डी0पी0एम0, जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0।

**अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 के द्वारा सला ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत अनुबन्ध संख्या 32 / ई0डी0 / 2020–21 के सापेक्ष कराये जा रहे कार्यो की प्रगति निम्नवत है।**

## 1–सला ग्राम समूह सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–

**सला डब्ल्यू0टी0पी0** के अन्तर्गत स्काडा को सभी ओ0एच0टी0 से जोड़ने, क्रियाशील किये जाने एवं इन्टीग्रेशन का कार्य शेष है। **WTP** पर संचालन एवं अनुरक्षण हेतु **Skilled Engineer** की कमी है। सभी **CWR** पर रेलिंग, रैम्प निर्माण, स्लूस वाल्व चेम्बर का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। सभी ओ0एच0टी0 के **Railing, Floor एवं Valve Chamber**, Man hole cover, Water level Indicatorका कार्य पूर्ण नहीं है। गृह संयोजन के अन्तर्गत जी0आई0 पाइप क्लेम्पिंग, ग्राउटिंग, MDPE Pipeकी Encasing का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु **18** टीम के सापेक्ष केवल **05** टीम कार्यरत है। **सीडब्ल्यूआर एवं ओ0एच0टी0 के Campus Development एवं एप्रोच रोड का कार्य नहीं किया जा रहा है तथा बाउण्ड्रीवाल में प्लास्टर, प्वान्टिंग, गेट लगाये जाने का कार्य पूर्ण नहीं है।** सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में पब्लिक स्टैण्ड पोस्ट अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। ग्रामों को हर घर जल प्रमाणीकरण कराए जाने का कार्य अत्यन्त धीमी गति से किया जा रहा है, आवश्यक **35** टीम के सापेक्ष केवल **08** टीम कार्यरत है। उक्त योजना में **HDPE**पाइप लाइन को शत प्रतिशत कमिशनिंग किये जाने, गैप क्लोजिंग किये जाने, स्लूश वाल्व अधिष्ठापन किये जाने का कार्य, रोड रेस्टोरेशन, गृह संयोजन आदि कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 750 मैनपावर के सापेक्ष केवल 215 कार्यरत है।

Scanned with OKEN Scanner

श्री नागेश, पी0एम0, जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0 द्वारा 15 दिसम्बर, 2025 तक सभी ग्रामो को हर घर जल सत्यापित कराते हुये शत प्रतिशत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। कान्ट्रेक्टिंग एजेन्सी को अवशेष ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य 30 नवम्बर, 2025 तक पूर्ण किए जाने हेतु निर्देश दिए गए।

(कार्यवाही अपेक्षित–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम, ग्रामीण, झाँसी/श्री नागेश, पी0एम0, जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0)

**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा अनुबन्ध संख्या 35/ई0डी0/2020–21 के सापेक्ष कराये जा रहे सतही स्रोत आधारित रायपुरा, मढ़ेपुरा, कोटा मुस्तकिल एवं 256 मूजल आधारित पेयजल योजनाओं की प्रगति निम्नवत पाई गयी–**

## 1–रायपुरा सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–

इन्टेकवेल मे **JJM Logo, EOT Crane** एवं स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। **डब्ल्यू0टी0पी0** में **EOT Crane** एवं स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। योजना के तहत् सभी पम्प हाउस में फ्लोमीटर, रैम्प, दरवाजे एवं खिड़की, Railing, Air Vent में mesh लगाये जाने का कार्य नहीं किया गया है। **17 OHT**के सापेक्ष सभी में **Down Pipe** लगाये जाने का कार्य, **20 mm dia GI Pipe Railing, Floor** एवं **Valve Chamber**, **Man hole cover,** वाटर लेवल इंडीकेटर का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। सभी सी0डब्ल्यू0आर0 में क्लोरिनेशन हेतु क्लोरीन रूम का निर्माण कार्य एवं सभी ओ0एच0टी0 में स्काडा अधिष्ठापन हेतु आर0टी0यू0 रूम का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। **DI**पाइप लाइन मे 18 गैप है, जिससे सी0डब्ल्यू0आर0 एवं अवर जलाशय को **Functional** किये जाने का कार्य बाधित हो रहा है। 83 ग्राम के सापेक्ष मात्र 32 ग्राम में कमिशिनिग का कार्य किया गया है किन्तु किसी भी ग्राम में शतप्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है, जिससे ग्रामों को **हर घर जल** किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है, **जिससे जनपद की प्रगति प्रभावित हो रही है।** इन्टेकवेल, डब्ल्यू0टी0पी0, सी0डब्ल्यू0आर0 एवं अवर जलाशय के अन्तर्गत शेष कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु, ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु, गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु **आवश्यक 630 मैनपावर के सापेक्ष मात्र 58 कार्यरत है।**

**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 को सभी समीक्षा बैठकों में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के बावजूद कार्य में कोई प्रगति नहीं है, कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है एवं कार्य में प्रगति लाने एवं कार्य को पूर्ण कराने का बार–बार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है।**

(कार्यवाही अपेक्षित–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम, ग्रामीण, झाँसी/ श्री राजकुमार सैनी, पी0एम0, मै0 बी0जी0सी0सी0)

## 2–कोटा मु0 सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–

इन्टेकवेल मे पैनल अधिष्ठापन, **EOT Crane, SCADA** का कार्य शेष है। **EOT Crane**एवं स्काडा की सामग्री वर्तमान तक **कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा क्रय नही की गयी है। डब्ल्यू0टी0पी0** में प्लान्टेशन का कार्य तथा स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। योजना के तहत् 01 सी0डब्ल्यू0आर0 में पैनल अधिष्ठापन, केबल ट्रे लगाये जाने एवं केबल विछाये जाने का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। सभी ओ0एच0टी0 के **Railing, Floor एवं Valve Chamber, Mane hole cover, Water level Indicator**का कार्य शेष है। सभी सी0डब्ल्यू0आर0 में क्लोरिनेशन हेतु क्लोरीन रूम का निर्माण कार्य एवं सभी ओ0एच0टी0 में स्काडा अधिष्ठापन हेतु आर0टी0यू0 रूम का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। **DI**पाइप लाइन में 88गैप है। वर्तमान तक 77 ग्राम के सापेक्ष केवल 04 ग्राम में कमिशिनिंग की गयी है तथा जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की गयी है, जिससे ग्रामों को **हर घर जल** किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। शेष अवर जलाशय का कार्य, ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु, गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पम्प एवं पैनल अधिष्ठापन कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु **आवश्यक 650 मैनपावर के सापेक्ष केवल 32 कार्यरत है।**

Scanned with OKEN Scanner

3– मढ़ेपुरा सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–

इन्टेकवेल मे **EOT Crane, SCADA, JJM Logo** एवं पेन्टिंग का कार्य शेष है। **डब्ल्यू0टी0पी0** में स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। योजना के तहत् सभी पम्प हाउस में फ्लोमीटर, रैम्प, दरवाजे एवं खिड़की, Railing, Air Vent में mesh लगाये जाने का कार्य नहीं किया गया है। सभी 12 ओ0एच0टी0 के **Down Pipe,Railing, Floor** एवं **Valve Chamber, Mane hole cover, Water level Indicator**का कार्य शेष है। सभी सी0डब्ल्यू0आर0 में क्लोरिनेशन हेतु क्लोरीन रूम का निर्माण कार्य एवं सभी ओ0एच0टी0 में स्काडा अधिष्ठापन हेतु आर0टी0यू0 रूम का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। **DI**पाइप लाइन में **55** गैप है। **69** ग्राम के सापेक्ष केवल **15** ग्राम में कमिशिनिंग का कार्य किया गया है किन्तु किसी भी ग्राम में शतप्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है, जिससे ग्रामों को **हर घर जल** किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। शेष अवर जलाशय का कार्य, ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु, गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग ,पम्प एवं पैनल अधिष्ठापन कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु **आवश्यक 615 मैनपावर के सापेक्ष केवल 21 कार्यरत है।**

**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 को सभी समीक्षा बैठकों में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के बावजूदकार्य में कोई प्रगति नहीं है, कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है एवं बार–बार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है।**

**(कार्यवाही अपेक्षित–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम, ग्रामीण, झाँसी/ अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय जालौन /श्री राजकुमार सैनी, पी0एम0, मै0 बी0जी0सी0सी0)**

4– 256 नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना–

256 नग नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत **205** पम्प अधिष्ठापन का कार्य किया गया है, परन्तु स्टाटर एवं पैनल अधिष्ठापन का कार्य नहीं किया गया हैं, जिससे ग्रामों को कमिशनिंग किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। 255 **OHT** के सापेक्ष 08 **ओ0एच0टी0** में **Raft Foundation** हेतु पी0सी0सी0 का कार्य नही किया गया है। सभी ओएचटी में **Stairs, 20 mm dia GI Pipe Railing, Floor** एवं **Valve Chamber** बनाये जाने का कार्य पूर्ण नहीं है तथा ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु मात्र एक टीम लगाई गई है, जिससे ग्राम के सभी घरों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। 256 पम्प हाउस के सापेक्ष 08 पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है तथा दरवाजे, खिड़की, एप्रन, कट आउट, बाईपास चैम्बर निर्माण का कार्य एवं क्लोरीन डोजिंग सिस्टम, पैन्टिंग एवं वोल्टेज स्टेप लाईजर, गर्डर, पैनल लगाये जाने एवं अन्य वि0/यॉ0 कार्य पूर्ण नहीं हैं। **255** बाउन्ड्रीवॉल के सापेक्ष केवल **233** में ब्रिक वर्क का कार्य पूर्ण किया गया है परन्तु प्लास्टर एवं प्वांन्टिंग का कार्य पूर्ण नहीं है। **255** स्टॉफ क्वार्टर के सापेक्ष केवल **248** में **Slab casting** का कार्य किया गया है, परन्तु आन्तरिक विद्युतीकरण एवं प्लम्बिंग का कार्य पूर्ण नहीं हैं।

256 नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाये जाने, सड़क पुर्ननिर्माण कार्य, कमिशिनिंग, गृह संयोजन आदि कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक **1120** मैनपावर के सापेक्ष केवल **165** कार्यरत है। योजना के अन्तर्गत कमिशनिंग हेतु आवश्यक **18** टीम के सापेक्ष **05** टीम, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन हेतु आवश्यक **08** टीम के सापेक्ष **02** टीम एवं विद्युत यांत्रिक कार्य पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक **18** टीम के सापेक्ष **02** टीम कार्यरत हैं।


**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों के सापेक्ष इण्टरलॉकिंग एवं खड़न्जा रोड़ पुनर्निर्माण का कार्य नहीं किया जा रहा है। अतः एजेन्सी को 30 नवम्बर, 2025 तक सभी ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।**


**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 व बी0जी0सी0सी0 के प्रतिनिधियों को सभी ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किये जाने, स्काडा अधिष्ठापन, शेष राइजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली की ज्वाइटिंग, गृह जल संयोजन के कार्य एवं नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने के कार्यो तथा सभी ग्रामों को "हर घर जल" कराये जाने हेतु आवश्यक मैनपावर एवं मशीनरी लगाते हुये अनुबन्ध की शर्तानुसार यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।**

Scanned with OKEN Scanner

सभी कार्यो को मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप सुनिश्चित करने हेतु टी0पी0आई0 एवं जल निगम (ग्रामीण), जालौन को निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में सभी घरों में पेयजल आपूर्ति हो रही है, उन्हे "हर घर जल" कराया जायें तथा "हर घर जल" प्रमाणित ग्रामों में नियमित पेजयल आपूर्ति का सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित करें।

तत्पश्चात बैठक समाप्त की गयी।



बैठक की कार्यवृत्त जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त जारी।

17/11/2025

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति)
जनपद–जालौन

# कार्यालय जिलाधिकारी, जालौन।

पत्रांक 2882/M-40/ / /2025–26 दिनांकः– ...18 नवम्बर, 2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. आयुक्त महोदय, झांसी मण्डल, झांसी।
4. जिलाधिकारी महादेय, जालौन।
5. अधीक्षण अभियन्ता विद्युत हाईडिल, जालौन।
6. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
7. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
8. टीम लीडर, पी0एम0सी, आरवी एसोसिएट्स–जालौन/लखनऊ।
9. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, बी0एल0जी0–जालौन।
10. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स, लि0 हैदराबाद।
11. मै0 बी0जी0सी0सी0, प्रा0लि0, नई दिल्ली।


17/11/2025


अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति)
जनपद–जालौन

Scanned with OKEN Scanner

सभी कार्यो को मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप सुनिश्चित करने हेतु टी0पी0आई0 एवं जल निगम (ग्रामीण), जालौन को निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में सभी घरों में पेयजल आपूर्ति हो रही है, उन्हे ''हर घर जल'' कराया जायें तथा ''हर घर जल'' प्रमाणित ग्रामों में नियमित पेजयल आपूर्ति का सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित करें।

तत्पश्चात बैठक समाप्त की गयी।




बैठक की कार्यवृत्त जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त जारी।

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति)
जनपद–जालौन

# कार्यालय जिलाधिकारी, जालौन।

पत्रांक / / / /2025–26 दिनांकः– ...... नवम्बर, 2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. आयुक्त महोदय, झांसी मण्डल, झांसी।
4. जिलाधिकारी महादेय, जालौन।
5. अधीक्षण अभियन्ता विद्युत हाईडिल, जालौन।
6. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
7. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
8. टीम लीडर, पी0एम0सी, आरवी एसोसिएट्स–जालौन/लखनऊ।
9. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, बी0एल0जी0–जालौन।
10. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स, लि0 हैदराबाद।
11. मै0 बी0जी0सी0सी0, प्रा0लि0, नई दिल्ली।

17/11/2025

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति)
जनपद–जालौन

Scanned with OKEN Scanner